# भास्कर प्रीमियम



## न्यूज ब्रीफ...

### होमगार्ड बनने का सपना, साड़ी में बिना जूते 1600 मीटर दौड़ीं

रामगढ़ | होमगार्ड बनने के सपने के लिए झारखंड के रामगढ़ में महिलाएं साड़ी में ही 1600 मीटर की दौड़ लगाती नजर आईं। 24 अक्टूबर से 5 नवंबर तक 284 पदों पर होने वाली भर्ती से पहले डिफेंस एकेडमी ने दौड़ का अभ्यास कराया था। इसमें कई महिलाओं ने साड़ी में ही पूरी दौड़ लगाई। भर्ती में 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जबकि विधवा और तलाकशुदा महिलाओं के लिए 5% अतिरिक्त आरक्षण है।

### जापानः सोने की प्रतियोगिता, विजेता को मिले 13.5 लाख

टोक्यो | जापान की राजधानी टोक्यो में अनोखी नींद प्रतियोगिता 'मैट्रेस बाय कोआला' आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागी 90 मिनट तक सोए। मशीन से उनकी नींद की गुणवत्ता, गहरी नींद में रहने का समय और शरीर की स्थिरता की निगरानी की गई। सबसे बेहतर नींद लेने वाले प्रतिभागी विजेता को 13.5 लाख रुपए का इनाम मिला। इसका मकसद अच्छी नींद के महत्व को बताना है।

### जयपुरः दुकान ढूंढने और पहुंचाने में करेगा मदद रोबोट

जयपुर | जयपुर के वर्ल्ड ट्रेड पार्क मॉल देश के गिने चुने मॉल में शामिल हो गया है। यहां अब दुकान ढूंढने के लिए लोगों को रास्ता पूछने की जरूरत नहीं होगी। यहां 'डब्ल्यू' नाम के चार रोबोट तैनात किए गए हैं, जो ग्राहक को पसंदीदा स्टोर तक पहुंचाएंगे। टच स्क्रीन पर ब्रांड या प्रोडक्ट चुनने के बाद रोबोट खुद रास्ता दिखाते हुए लिफ्ट और एस्केलेटर तक ले जाएगा। इसमें रास्ते की बाधाओं से बचने की तकनीक भी है। साल के अंत तक बाकी फ्लोर पर भी रोबोट तैनात किए जाएंगे। 2027 में इंसानी आकार वाले रोबोट लाने की योजना है।



### अमेरिकाः 71,207 ड्रोन उड़ाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

टेक्सास | अमेरिका के टेक्सस स्थित ब्लू रिज शहर में ड्रोन शो कंपनी ने एक सप्ताह में सबसे ज्यादा ड्रोन उड़ाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। टीम ने कुल 71,207 ड्रोन उड़ाए। इससे पहले ये रिकॉर्ड टेक्सास में ही एक कंपनी ने 66,123 ड्रोन उड़ाकर बनाया था।

**भास्कर इन्वेस्टिगेशन** • गुजरात की महानगरपालिकाओं-नगर पालिकाओं में गड़बड़ी

## गुजरातः 10 साल में 4400 करोड़ के घोटाले, ऑडिट समीक्षा समिति तक नहीं

इमरान होथी | राजकोट

गुजरात की महानगरपालिकाओं (मनपा) और नगरपालिकाओं में टैक्स के पैसों की खुलेआम बर्बादी हो रही है। भास्कर की इन्वेस्टिगेशन में सामने आया है कि पिछले 10 वर्षों में इस सिस्टम की कमजोरियों का फायदा उठाकर अफसरों और ठेकेदारों ने करीब 4,400 करोड़ रुपए के घोटाले और वित्तीय हेराफेरी की। पंचायतों के ऑडिट की जांच के लिए विधानसभा में 'पंचायती राज समिति' है, लेकिन मनपा-पालिकाओं के ऑडिट रिपोर्ट की समीक्षा के लिए कोई समर्पित कमेटी ही नहीं है। नतीजा यह कि लोकल फंड ऑडिट में गड़बड़ियां पकड़ में आने के बाद भी रिपोर्ट विधानसभा में पेश होकर पड़ी रहती है। पूछताछ और कार्रवाई का डर नहीं होने से घोटाले बढ़े और सड़क-रास्तों समेत सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता गिरती गई। 14 अलग-अलग ऑडिट रिपोर्ट में अनियमितता, गड़बड़ी, धोखाधड़ी और हेराफेरी के मामले सामने आए, लेकिन अब तक जिम्मेदारी तय नहीं हो सकी।

### पिछले सात साल की ऑडिट रिपोर्ट जारी होने बाकी

ऑडिट में निकली महत्वपूर्ण गड़बड़ियों की सूची।

- **कंपनी एक्ट का बहानाः** साबरमती रिवरफ्रंट और मेडिकल ट्रस्ट जैसे प्रोजेक्ट्स में 'कंपनी एक्ट लागू है, कहकर 2,731 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड ऑडिट में पेश नहीं किए गए।
- **वाउचर गायबः** ऑडिट के वक्त खर्च का सबूत न मिले। इसके लिए फाइलों से वाउचर गायब कर दिए जाते हैं। राजकोट मनपा में 816.90 करोड़ के रुपए खर्च के वाउचर गायब मिले।
- **सरकारी ऑडिटः** पिछले 7 साल की ऑडिट रिपोर्ट जारी होने बाकी है। फिलहाल महानगरपालिका के लिए 2017-18 और नगरपालिका के लिए 2019-20 वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट विधानसभा में पेश की गई हैं।

### समिति हो तो सीधे समन संभव

एक्सपर्ट्स का कहना है कि विधानसभा में रिपोर्ट पेश होने के बाद समीक्षा के लिए समिति नहीं है। कमेटी बनते ही ऑडिट रिपोर्ट आते-आते घोटालेबाज अफसरों और ठेकेदारों को सीधे समन भेजा जा सकेगा। जांच का डर ही वित्तीय अनुशासन बनाएगा।

### सरकार में विचार चल रहा

शहरी विकास विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वर्षों से पालिकाओं के ऑडिट पर कार्रवाई के लिए समिति बनाने का विचार चल रहा है, लेकिन किसी न किसी वजह से यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसी कारण गड़बड़ियां भी बढ़ती गईं।

### सफर में हर माह खर्च महिलाओं का 307 और पुरुषों का 674 रुपए

Business Standard
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

नई दिल्ली | ग्रामीण इलाकों में सफर के लिए एक महिला औसतन माह में 307 रुपए व पुरुष 674 रु. खर्च करते हैं। एनएसओ की रिपोर्ट में यह बात सामने आई। सर्वे 4.92 लाख घरों में किया गया।

**स्कूलः ग्रामीण छात्र 364 रु. खर्च रहे**

| वर्ग | ग्रामीण | शहरी | भारत |
|---|---|---|---|
| पुरुष कामगार | 674 | 1,076 | 835 |
| महिला कामगार | 307 | 884 | 533 |
| सभी कामगार | 612 | 1,044 | 785 |
| छात्र | 384 | 624 | 460 |
| छात्रा | 333 | 609 | 423 |
| सभी छात्र | 361 | 617 | 443 |

नोटः औसत मासिक खर्च (प्रति यात्री रु. में)

**1.5% ग्रामीण कार से सफर कर रहे**

| साधन | ग्रामीण | शहरी | भारत |
|---|---|---|---|
| दोपहिया | 37.1% | 52.3% | 42.6% |
| पैदल | 36.6% | 13.5% | 28.3% |
| बस | 5.3% | 9.2% | 6.7% |
| ऑटो-रिक्शा | 5.0% | 8.8% | 6.4% |
| कार | 1.5% | 5.7% | 3.0% |

नोटः 1 किमी या उससे अधिक दूरी वाले कामगारों का आवागमन साधन (%)

**भास्कर खास** भूतिया कण- न्यूट्रिनो की खोज के लिए फ्रांसिस हाल्जेन को भौतिकी का नोबेल

## हाल्जेन ने दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में 'न्यूट्रिनो' की खोज की, इससे ब्रह्मांड-ब्लैक होल, आकाशगंगाओं के नए राज खुलने की उम्मीद

भास्कर न्यूज | स्टॉकहोम

कल्पना कीजिए कि हर पल अरबों-खरबों सूक्ष्म कण हमारे शरीर और पूरी पृथ्वी के आर-पार निकल रहे हैं, लेकिन हमें उनका एहसास तक नहीं होता। इन्हीं बेहद रहस्यमय अदृश्य कणों को वैज्ञानिक 'न्यूट्रिनो' कहते हैं। बेल्जियम मूल के अमेरिकी भौतिक विज्ञानी फ्रांसिस हाल्जेन (82) ने इसकी खोज की, जिसके लिए उन्हें भौतिकी का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। हाल्जेन ने पहली बार 1988 में न्यूट्रिनो की बात की। इसके बाद दक्षिणी ध्रुव की बर्फ को ही दुनिया की सबसे बड़ी आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला बनाया गया।



### न्यूट्रिनो की खोज क्यों है खास

- ब्रह्मांड में अरबों-खरबों की संख्या में न्यूट्रिनो हर पल प्रकाश की गति से तैर रहे हैं। ये इतने सूक्ष्म और पारदर्शी होते हैं कि हमारे शरीर, पत्थरों और पूरी पृथ्वी के आर-पार बिना किसी रुकावट के निकल जाते हैं। इसलिए इन्हें 'घोस्ट पार्टिकल्स' कहते हैं।
- भौतिक वैज्ञानिकों के अनुसार, जब सुदूर अंतरिक्ष में बड़ा तारा टूटता है, सुपरनोवा विस्फोट होता है या ब्लैक होल से अत्यधिक ऊर्जा निकलती है, तब ये न्यूट्रिनो उत्पन्न होते हैं। चूंकि

इन पर कोई विद्युत आवेश (चार्ज) नहीं होता और ये चुंबकीय क्षेत्रों से प्रभावित नहीं होते, इसलिए ये जहां से आते हैं, उसका सटीक पता मिलता है। इस खोज ब्लैक होल, मिल्की-वे और सुपरनोवा के बनने की प्रक्रिया को समझने में मददगार है।

- **5000 सेंसरों का जालः** अंटार्कटिक की साफ बर्फ के 1 क्यूबिक किमी में 86 छेद किए गए।
- **सेंसरों का नेटवर्कः** लगभग 1.5 से 2.5 किमी की गहराई में 5,000 से अधिक सेंसर लगाए गए।
- **नीली रोशनी की पहचानः** जब भी कोई हाई-एनर्जी न्यूट्रिनो बर्फ के परमाणु से टकराता है, तो एक सूक्ष्म नीली रोशनी (चेरेंकोव रेडिएशन) पैदा होती है। हाल्जेन के बनाए सिस्टम ने इसी नीली रोशनी को रिकॉर्ड कर पहली बार ब्रह्मांड के सुदूर कोनों से आने वाले न्यूट्रिनो का नक्शा तैयार किया।

- **खगोल विज्ञान में एक नए युग की शुरुआतः** हाल्जेन की खोज ने 'न्यूट्रिनो एस्ट्रोनॉमी' के एक नए युग की नींव रखी है। नोबेल समिति के अनुसार, 'अब तक इंसानों ने ब्रह्मांड को केवल प्रकाश (टेलीस्कोप) या तरंगों के जरिए देखा था। लेकिन हाल्जेन के आइसक्यूब प्रोजेक्ट ने हमें कणों के जरिए ब्रह्मांड को 'सुनने और महसूस करने' की क्षमता दी है।

जब साथ खेलेगा पूरा परिवार
मिलेगा मौका जीतने का उपहार

दैनिक भास्कर
दिमाग लगाओ इनाम पाओ
250 इनाम हर रोज

कैसे खेलें

1. रोजाना अखबार में छप रही है एक रोचक पहेली।
2. पूरे परिवार के साथ मिलकर हल ढूंढें।
3. क्विज में छपे QR को स्कैन कर सही जवाब भेजें।

डेली 250 इनाम

वीकली 10 इनाम

विजेताओं के नाम देखने के लिए QR स्कैन करें।

**स्वास्थ्य** • दो महीनों से मिल रहा अंबड इंडस्ट्रियल एरिया में केमिकल वाला पानी

## नासिकः इंडस्ट्रियल एरिया में पानी जहरीला, प्रेग्नेंसी टालने की सलाह

सचिन जैन | नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में अंबड इंडस्ट्रियल एरिया के पास जमीन के नीचे केमिकल वाले पानी रिसने लगा है। इससे दत्तनगर इलाके के बोरवेल का पानी दूषित हो गया है। हालात ऐसे हैं कि बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय घर पर रहने की सलाह दी जा रही है। इलाज करा रहीं महिलाओं को डॉक्टर गर्भधारण टालने को कह रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले दो महीनों से इलाके में केमिकल वाला पानी की सप्लाई हो रही है। लोगों के मुताबिक साफ पानी खरीदने में उन्हें हर महीने करीब 5 हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इलाज और दवाओं पर भी 5 हजार रुपए तक खर्च हो रहा है। 7 दिन बाद भी केमिकल वाला पानी की समस्या बरकरार है। प्रदूषण बोर्ड ने फिलहाल सिर्फ एक कंपनी को नोटिस दिया।

### जंतर-मंतर पर महिला से छेड़छाड़ के आरोपी एसीपी का 'प्रमोशन' रुका

नई दिल्ली | दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान महिला पत्रकार से छेड़छाड़ के आरोपी एसीपी विवेक भगत का प्रमोशन फिलहाल रुक गया है। दिल्ली सरकार ने चयन श्रेणी के 12 दानिप्स अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त का कार्यभार देने वाला पांच अक्टूबर का आदेश संशोधित किया है। भगत भी इस सूची में शामिल थे। उनके अनुरोध के बाद उनके संबंध में जारी प्रभार को रोक दिया गया। तीन महिला पत्रकारों ने तीन अक्टूबर को जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिसकर्मियों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इन शिकायतों को आगे की जांच के लिए क्राइम ब्रांच को भेजा गया है।

### मां ने छोड़ा, कुदरत ने बचाया; 5 दिन बाद भी जिंदा मिला

मोरबी | गुजरात में मोरबी के एक गांव में बबूल की झाड़ियों में एक नवजात शिशु लावारिस हालत में जिंदा मिला है। राहगीर को बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उसने तुरंत 108 को सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को इलाज के लिए मोरबी के सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों की निगरानी में बच्चे का इलाज चल रहा है। बच्चे को कांटे चुभे थे और चोट आई थी।

### फ्लेक्सी स्टाफिंग रोजगार 3 माह में 2.6% बढ़ा, जीसीसी-एआई अव्वल

मुंबई | अप्रैल-जून में देश का फ्लेक्सी स्टाफिंग रोजगार 2.6% बढ़ा है। इसमें एक ही जगह अलग-अलग कंपनियों के कर्मचारी काम करते हैं। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल में 1.14 लाख नए औपचारिक रोजगार जुड़े। इससे कुल फॉर्मल वर्कफोर्स 7.5% बढ़कर 19.5 लाख गई। जीडीपी 7.8% बढ़ने से मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और कंज्यूमर सेक्टर्स में नई नौकरियों को सपोर्ट मिला है। हालांकि कुल आईटी भर्तियों में 3% गिरावट आई, लेकिन जीसीसी और एआई/एमएल जैसे टेक सेक्टरों में 25% तक उछाल भी आया।

**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
फोन नंबर - 96461-18774, ईमेल आईडीः semeteringpatiala@gmail.com
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइटः www.pspcl.in

निविदा पूछताछ संख्या MQP-276/2026-27/PO(M) दिनांक 05.10.2026

मुख्य अभियंता/मीटरिंग, सी-3, शक्ति विहार, पी.एस.पी.सी.एल., पटियाला एलटी/एचटी/ईएचटी (LT/HT/EHT) करंट ट्रांसफॉर्मर और पोटेंशियल ट्रांसफॉर्मर के परीक्षण के लिए पोर्टेबल सेकेंडरी इंजेक्शन टाइप सीटी और पीटी टेस्ट इक्विपमेंट की खरीद के लिए ई-निविदा (e-tender) आमंत्रित करते हैं। विस्तृत एनआईटी (NIT) और निविदा विशिष्टताओं के लिए कृपया 05.10.2026, शाम 05:00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो ऑनलाइन https://eproc.punjab.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।
1079/12/2026-27/15876 C949/26

**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
NAGAR PALIKA PARISHAD, RATANPUR, Distt-Bilaspur (C.G.)

E-procurement Tender Notice - 2nd
https://cgeprocurement.gov.in
NIT. No. 1926 Ratanpur/Dated 06.10.2026
Online bids are invited for followings works up to 22.10.2026

| S. No. | System Tender no. | Name of work | Probable Amount of Contract (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 201076 | Green Space Development Girjaban Mandir Park, Ratanpur, Bilaspur, C.G under AMRUT 2.0 including 12 months Defects Liability Period and 5 years Operation and Maintenance of all Project (2nd call) | Rs 253.50 | Rs 1.50 | In Class B or above |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 07.10.2026 at 10:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
Chief Municipal Officer
Nagar Palika Parishad

**जाहिर सूचना**

भूखण्ड क्रमांक 157, इन्दौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 53, इन्दौर (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 182.60 वर्गमीटर के सम्बन्ध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती अंजू पति श्री राजकुमार भाटिया, निवासी-347 साधू वासवानी नगर, इंदौर (म.प्र.) से इनके लीज स्वामित्व एवं आधिपत्य की उक्त वर्णित सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा किया है। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था, इत्यादि का भार, बोझा, हित, अधिकार, डिक्री, अटेचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। अवधि पश्चात विक्रय पत्र पंजीयन/योग्य लिखापढ़ी मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं होगी।

आशीष जैन एडवोकेट
कार्यालय : 141, मंगल तिरी, फर्स्ट फ्लोर, ए.बी. रोड, विजय नगर चौराहा, इन्दौर मो.: 9300926560, 8770020266

**बैंक ऑफ़ इंडिया**
आंचलिक कार्यालयः खंडवा अंचल
पं. माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खंडवा- 450001, फोनः 0733-2248183

ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना
(ई-नीलामी तिथि 12.11.2026, प्रातः 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक)
हमारी शाखा द्वारा जप्त किये एवं वाहनों का जैसे है जहां है के आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित हैः-

| क्रं. | शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य (रू में) ईएमडी (रू में) |
|---|---|---|---|
| 1 | शाखा बुरहानपुर रिजवान अहमद पुत्र वाहिद अहमद | Mahindra Bolero NEO N10(R) MP 68 ZE 0551 - (2025) Diesel | Rs. 7,65,000/- Rs. 76,500/- |

बोलीवृद्धि राशि रू 10,000.00

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें : 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जाकर देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4 सर्वाधिक/ सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं कर पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृता , सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. चल सम्पति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8, अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक में बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिकी की स्थागित करने, टालने रद्द करने अथवा बिकी की नियम व शर्तो को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9 सम्पति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, देयक वहन करना होगा। 10 देय राशि ब्याज और अन्य शुल्को को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संसाधन, त्रुटि सुधार, शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक बोलीकर्ता नियमित रूप से उपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छक बोलीकर्ता को यूजर आईडी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आईडी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फर्म में उक्त बोली राशि में न्यूनतम एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थागित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य ..... किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

स्थानः खण्डवा
दिनांकः 06.10.2026
अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक,
बैंक ऑफ इंडिया

**भास्कर APPOINTMENT**

**सीएसआईआर- प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (एम्प्री)**
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
नर्मदापुरम रोड, हबीबगंज नाका के पास, भोपाल-462026 (म.प्र.)
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास में भागीदार बनने का अनूठा अवसर

विज्ञापन सं. RECT-02/2026

सीएसआईआर-एम्प्री विभिन्न तकनीकी सहायता और प्रशासनिक पदों की सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता हैः

| ऑनलाइन आवेदन की तिथि | | |
|---|---|---|
| | तकनीकी अधिकारी, तकनीशियन (1) | 07.10.2026 से 06.11.2026 तक |
| | सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा सहायक, मल्टी टास्किंग स्टाफ | 15.10.2026 से 16.11.2026 तक |

ऑनलाइन आवेदन के लिए यूआरएलः https://ampri.res.in

निम्नलिखित पदों की रिक्तियों को भरने हेतु, उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड, सिद्ध प्रशासनिक कौशल तथा अपेक्षित अनुभव रखने वाले सुयोग्य एवं कर्मठ भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया हैः

| पद का नाम | पदों की संख्या तथा आरक्षण की स्थिति | पे मैट्रिक्स लेवल | कुल परिलब्धियां | अधिकतम आयु | अधिकतम आयु की निर्णायक तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| तकनीकी अधिकारी | कुल पदः 07 (अनारक्षित-06, अजा-01) | लेवल 07 (रु.44,900-1,42,400) | रु. 86,580/-(लगभग) | 30 वर्ष | 06.11.2026 |
| तकनीशियन (1) | कुल पदः 04 (अनारक्षित-03, अजजा-01) | लेवल 02 (रु.19,900-63,200) | रु. 37,000/-(लगभग) | 28 वर्ष | 06.11.2026 |
| सुरक्षा अधिकारी | कुल पदः 01 (अनारक्षित-01) | लेवल 07 (रु.44,900-1,42,400) | रु. 86,580/-(लगभग) | 35 वर्ष | 16.11.2026 |
| सुरक्षा सहायक | कुल पदः 01 (अनारक्षित-01) | लेवल 06 (रु.35,400-1,12,400) | रु. 66,500/-(लगभग) | 28 वर्ष | 16.11.2026 |
| मल्टी टास्किंग स्टाफ | कुल पदः 01 (अनारक्षित-01) | लेवल 01 (रु.18,000-56,900) | रु. 33,650/-(लगभग) | 25 वर्ष | 16.11.2026 |

अन्य विवरणों के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट https://www.ampri.res.in पर जाएं और ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उपलब्ध फॉर्म भरें। विस्तृत विज्ञापन, पाठ्यक्रम, नियम एवं विनियम, तथा उम्मीदवारों के लिए निर्देश सीएसआईआर-एम्प्री की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में कोई भी आगामी स्पष्टीकरण आदि सीएसआईआर-एम्प्री की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह है कि वे नियमित रूप से सीएसआईआर एम्प्री वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

-ह/-
(प्रशासन नियंत्रक)

**कार्यालय नगर परिषद कैलारस जिला मुरैना (म.प्र.)**

क्रमांक/नि.शा./2026/2795 // ई - निविदा आमंत्रण - सूचना // कैलारस दिनांक 06/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_540394_1 | एम.एस. रोड़ नहर से लेकर नगर पालिका के सामने तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य । | 1 वर्ष वर्षाकाल सहित 204.58 लाख | 15,000/ 1,02,300/- | 05.11.2026 05:30 PM |

अंजना ब्रजेश बंसल
अध्यक्ष
नगर परिषद कैलारस

रामप्रकाश जगनेरिया
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कैलारस

नोटः - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।